प्रेस-विज्ञप्ति दिनांक 19.02.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम , भिलाई के महापौर व भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव आज सुबह 9 बजे आम नागरिकों की समस्याओं से अवगत होने अण्डा चौक कार्यालय पहुंचकर नागरिकों से मुलाकात की। जहां पर वार्डवासी महापौर की जन्मदिन की बधाई देने के लिए पहले से पहुंच चुके थे तथा श्री यादव को बुके भेंटकर जन्मदिन की बधाई दी गई। महापौर द्वारा अपने जन्म दिवस पर केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया जिसमें निगम के अधिकारी, कर्मचारी भी उपस्थित थे।

आज विधायक देवेन्द्र यादव को नागरिकों की मांग एवं समस्याओं के कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें मुख्यमंत्री कोष से आर्थिक सहायता , राशन कार्ड, पानी, बिजली, पेंशन का लाभ दिलाये जाने हेतु आवेदन प्राप्त हुए। जिसे सबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित कर शीघ्र निराकरण करने अधिकारियों को निर्देशित किया।

जनसम्पर्क अधिकारी